<u>एमसीएल में हिंदी तकनीकी कार्यशाला संपन्न:</u>

एमसीएल मुख्यालय, आनंद बिहार स्थित प्रबंधन प्रशिक्षण संस्थान में दिनांक 12 अगस्त,2017 को श्री बी.सी. त्रिपाठी महाप्रबंधक(राजभाषा) की अध्यक्षता में एक दिवसीय हिंदी तकनीकी कार्यशाला सम्पन्न हुआ। कुशल प्रशिक्षक के रूप में डॉ. बनबिहारी साहू, प्रबंधक(राजभाषा) भारतीय स्टेट बैंक, प्रशासनिक कार्यालय, भुवनेश्वर को आमंत्रित किया गया।

कार्यशाला में राजभाषा विभाग के ई-टूल्स, मंत्र अनुवाद, हिंदी एवं समस्त भारतीय भाषा में इंटरनेट,ई-मेल,ई-महाशब्दकोश, अनुवाद की सुविधाएं इंटरनेट के माध्यम से, वायस टू टैक्सट/टैक्सट टू वायस,गूगल डॉक पीडीएफ डाकुमेंट्स का अनुवाद, हिंदी भाषा शिक्षण पैकेज प्रबोध,प्रवीण एवं प्राज्ञ सॉफ्टवेयर आदि की जानकारी दी गई एवं व्यवहार में लाने के लिए अभ्यास करवाया गया। कार्यक्रम में मुख्यालय एवं क्षेत्रों के कुल 40 प्रतिभागियों ने भाग लिया।